घरेलू मंच ◆ देश में रबर का बकाया स्टॉक बीते साल से कम 2.62 लाख टन

थाई रबर की सरकारी खरीद से घरेलू भाव बढ़ने के संकेत

अंतरराष्ट्रीय बाजार में नेचुरल रबर के दाम बढ़ने से आयात महंगा पड़ेगा

बिजनेस भास्कर • नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में नेचुरल रबर की कीमतों में तेजी आने से आयात पड़ता महंगा हो जाएगा। बैंकाक में शुक्रवार को नेचुरल रबर के दाम बढ़कर 204 रुपये प्रति किलो (भारतीय मुद्रा में) हो गए। नेचुरल रबर के घरेलू उत्पादन का लीन सीजन होने के कारण फरवरी-अप्रैल में उत्पादन कम रहेगा। वैसे भी घरेलू बाजार में कुल स्टॉक पिछले साल की तुलना में कम है इसीलिए नेचुरल रबर की मौजूदा कीमतों में तेजी आने की संभावना है।

हरिसंस मलयालम लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज कपूर ने बताया कि थाईलैंड में सरकार ने उत्पादकों को राहत देने के लिए नेचुरल रबर की सरकारी खरीद करने की योजना बनाई है। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में नेचुरल रबर की कीमतों में तेजी आई है। चार जनवरी को बैंकाक में नेचुरल रबर के दाम 178 रुपये प्रति किलो थे जबकि शुक्रवार को 204 रुपये प्रति किलो हो गए। कोट्टायम में नेचुरल रबर के दाम 187-191 रुपये प्रति किलो चल रहे हैं। दिसंबर में नेचुरल रबर का आयात 57 फीसदी बढ़कर 21,734 टन का हुआ था। फरवरी से अप्रैल के दौरान लीन सीजन होने के कारण घरेलू उत्पादन भी कम रहेगा। इसलिए कीमतों में तेजी की उम्मीद है। भारतीय रबर बोर्ड के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2011-12 की पहले नौ महीनों अप्रैल से दिसंबर के दौरान नेचुरल रबर का उत्पादन 4.3 फीसदी बढ़कर 6.79 लाख टन का हुआ है जबकि इस दौरान खपत में 1.2 फीसदी की बढ़ोतरी होकर कुल खपत 7.17 लाख टन की हुई है। रबर मर्चेंट एसोसिएशन के सचिव अशोक खुराना ने बताया कि उत्पादन और मांग के बीच अंतर की भरपाई आयात से पूरी हो रही थी। लेकिन भारत के मुकाबले अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम ज्यादा हो गए है।

ऐसे में आयात पड़ता महंगा होने का असर घरेलू बाजार में नेचुरल रबर की कीमतों पर पड़ सकता है। विनको ऑटो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एम. एल. गुप्ता ने बताया कि चीन में 28 जनवरी को छुट्टियां समाप्त हो जाएंगी। जिससे चीन की आयात मांग में बढ़ोतरी होने की संभावना है। घरेलू बाजार में नेचुरल रबर का कुल स्टॉक पिछले साल की तुलना में कम है। दिसंबर के आखिर में 2.62 लाख टन का स्टॉक बचा था जबकि पिछले साल की समान अवधि में 3.14 लाख टन का स्टॉक था। दिसंबर महीने में नेचुरल रबर के उत्पादन में एक फीसदी की बढ़ोतरी होकर कुल उत्पादन 1.04 लाख टन का हुआ है जबकि इस दौरान खपत 4.3 फीसदी बढ़कर 84,000 टन की हो गई है।

नेचुरल रबर की तस्वीर



6.79 लाख टन उत्पादन रहा देश में अप्रैल से दिसंबर तक

7.17 लाख टन घरेलू खपत रही समान अवधि के दौरान

₹204 प्रति किलो रबर का भाव रहा बैंकॉक में

₹191 प्रति किलो तक बिकी रबर कोट्टायम में